प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हर गांव और वार्ड का मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा।
- 16वीं राज्य विधानसभा का पांचवा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों को गर्मी के मौसम में प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- लोकपर्व शीतलाष्टमी आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। अनेक स्थानों पर मेले भर रहे है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हर गांव और वार्ड का मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। इसके लिए भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महिला, युवा, गरीब किसान सहित सभी आयु वर्ग के सुझाव लिये जायेंगे। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में इस बारे में हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान को लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि की श्रेणियों में बांटकर तैयार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रूकेगा। इसके लिए विकास के साथ विरासत और स्थानीय परिवेश को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जायेंगी।

सोलहवीं राज्य विधान सभा का पांचवा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल शाम इसे स्थगित किया। सत्र के दौरान कई अहम विधेयक पास हुए। करीब डेढ महीने चले इस सत्र में राज्य का बजट पेश किया गया। इसके अलावा सरकार ने आधारभूत ढांचे, विकास और शिक्षा तथा स्वास्थ्य से जुडे कई प्रावधानों की घोषणा की।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की तबियत खराब होने पर कल उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। राज्यपाल दोपहर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे, जहां अचानक तबियत बिगडने पर डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती कर लिया। इस दौरान चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी अस्पताल पहुंचे और राज्यपाल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है।

बीकानेर जिला न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में भारत पाकिस्तान सीमा से सटे नोटिफाइड क्षेत्र में बिना अनुमति की गई जमीन की खरीद फरोख्त को अवैध बताया है। अदालत ने पूगल क्षेत्र में साल 2006 में हुई कृषि भूमि की रजिस्ट्री को शून्य घोषित कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अधिसूचित सीमा क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी की इजाजत के बिना जमीन खरीदना बेचना कानून के खिलाफ है इसलिए ऐसी रजिस्ट्री प्रभावहीन मानी जायेगी। अपर लोक अभियोजक शिव शंकर स्वामी ने बताया कि ये फैसला न्यायाधीश अनुभव सिडाना ने राजस्थान राज्य बनाम दर्शन सिंह प्रकरण में सुनाया। गौरतलब है कि बीकानेर जिले में भारत पाकिस्तान सीमा से जुडे बज्जू, पूगल, छतरगढ और खाजूवाला क्षेत्रों की सीमा से सटी जमीन को गृह मंत्रालय ने नोटिफाइड एरिया घोषित कर रखा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय केबिनेट की बैठक में कल कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस दौरान पश्चिमी एशिया में जारी तनाव को कम करने को लेकर भी चर्चा हुई। केन्द्रीय

मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि तमिलनाडू के मदुरै हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा बनाया जायेगा। वहीं मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोडने के लिए ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी परियोजना मंजूर की है। इसके लिए 3 हजार 630 करोड 77 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई हैं। करीब साढ़े 31 किलोमीटर लंबा यह गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक सीधे और तेज संपर्क का जरिया बनेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य पूरी तरह त्रुटिरहित पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। कल कोलकाता में उन्होंने कहा कि इसके लिए एसआईआर प्रकिया आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि 12 राज्यों में लगभग 60 करोड मतदाताओं के रिविजन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों को गर्मी के मौसम में प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इस साल तेज गर्मी रहने के आसार है। ऐसे में बिजली की मांग बढेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में केन्द्रीय विद्युतगृहों के कॉमन पूल से बिजली आंवटन के लिए प्रयास किये जायेंगे। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पिछले साल केन्द्र सरकार ने गर्मी के मौसम में साढे सात सौ मेगावाट का कोटा दिया था जिससे बिजली आपूर्ति प्रबंधन में मदद मिली थी। उन्होंने लघु अवधि आधार पर एक्सचेंज से बिजली खरीद के लिए भी निविदा प्रक्रिया अभी से संपादित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा अजिताभ शर्मा ने थर्मल यूनिटों का बेहतर रख रखाव सुनिश्चित करने को कहा जिससे अधिकतम उत्पादन हासिल किया जा सके।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत झुंझुनूं में कल से दो दिन की राज्यस्तरीय सेमिनार शुरू हुई। आबूसर के कृषि विज्ञान केन्द्र में हो रहे इस आयोजन में विभिन्न जिलों से आये किसान हिस्सा ले रहे है। झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बताया कि इस दौरान किसानों को हाइटेक उद्यानिकी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें विभिन्न अनुदान योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्रीन हाउस प्रबंधन पर पुस्तकों का भी वितरण किया गया।

शीतलाष्टमी का लोकपर्व आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। ये पर्व ऋतु परिवर्तन से जुडा है। इस अवसर पर शीतला माता को एक दिन पहले बनाये गये पकवानों का भोग लगाया जाता है। इसके साथ ही शीतला माता का पूजन कर सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इसे बास्योडा भी कहा जाता है। नागौर, पाली, चूरू, बारां, जैसलमेर सहित अन्य जिलों में शीतला अष्टमी को लेकर महिलाओं में उत्साह है।

करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि महिलाएं अल सुबह से ही शीतला माता की पूजा में जुट गई।

शीतलाष्टमी के अवसर पर कई स्थानों पर मेले भरे है। जयपुर के चाकसू स्थित शील की डूंगरी का मुख्य लक्खी मेला आज भर रहा है।